महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
ud }kjk 'A' xM ikIr Accredited with 'A' Grade by NAAC

ज्ञान शांति मैत्री

डॉ. रविन्द्र टी. बोरकर
Dr. Ravindra T. Borkar
निदेशक/ Director
दूर शिक्षा निदेशालय
Directorate of Distance Education

दूर शिक्षा निदेशालय
Directorate of Distance Education

पत्रांक: 023/2023-24/बीएड पा./006/3059 दिनांक: 15/09/2023

बी.एड (ODL) पाठ्यक्रम प्रवेश सूचना 2023-24

दूर शिक्षा निदेशालय की वेबसाइट https://hindivishwa.org/distance/ के सूचना पट्ट पर उपलब्ध **बी.एड (ODL) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु चयनित अभ्यर्थियों की श्रेणीवार श्रेष्ठता आधारित सूची** में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को औपबंधिक (Provisional) प्रवेश दिया जा रहा है। सूची में उल्लिखित अभ्यर्थियों को समस्त मूल (Original) दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन के लिए दिनांक **20/09/2023 से 22/09/2023 तक दूर शिक्षा निदेशालय, म.गा.अं.हि.वि., वर्धा में उपस्थित होना अनिवार्य है।** उक्त कार्यदिवसों में प्रातः 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन की जाएगी। इसके उपरांत ही उन्हें प्रवेश के लिए अनुशंसित किया जाएगा। **निर्धारित तिथि और समय के पश्चात उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पर विचार नहीं किया जाएगा-**

दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन संबंधित निर्देश

दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन के दौरान उन्हीं अभ्यर्थियों को अर्ह माना जाएगा-

1. जिन्होंने एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित रीति (फेस टू फेस) से अध्यापक शिक्षा का कोई कार्यक्रम पूर्ण किया हो। इसके सत्यापन हेतु अभ्यर्थियों को नियमित रीति (फेस टू फेस) से पूर्ण की गई अध्यापक शिक्षा की उपाधि एवं अंकपत्र की मूलप्रति को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।
2. अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र की प्रति सहित वर्तमान में कार्यरत होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना है। ऐसे अभ्यर्थी जो प्राइवेट स्कूल में कार्यरत हैं, उन्हें दस्तावेज़ों की जांच और **छानबीन के समय अपने विद्यालय की संबंधित राज्य के शिक्षा विभाग द्वारा जारी मान्यता संबंधित दस्तावेज़ को भी प्रस्तुत करना होगा।**
3. अभ्यर्थी स्नातक और परास्नातक के प्रत्येक वर्ष के अंकपत्र और उपाधि की मूल प्रति के साथ ही उपस्थित हों।
4. जिन अभ्यर्थियों ने ई-अंकतालिका अपलोड की है, उनसे अपेक्षित है कि वे दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन के समय अपलोड किए ई-अंक पत्र की संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत मूल प्रति के साथ ही उपस्थित हों।
5. जिन अभ्यर्थियों ने किसी भी तरह के आरक्षण (जाति प्रमाण पत्र/नॉन क्रीमिलेयर/पी.डब्ल्यू.डी./ई.डब्ल्यू.एस.अन्य आरक्षण) का दावा किया है, वे उससे संबंधित अद्यतन प्रमाणपत्र लाएं।

- किसी भी प्रमाण पत्र, अंक पत्र और प्रवेश की दावेदारी से संबंधित दस्तावेज़ के संदिग्ध, अपूर्ण और अस्पष्ट होने की दशा में अभ्यर्थी को अर्ह नहीं माना जाएगा।
- अभ्यर्थी दस्तावेज़ों की जांच और छानबीन के समय प्रवेश आवेदन, दो नवीनतम पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं प्रवेश आवेदन में अपलोड किए समस्त दस्तावेज़ों की एक छाया प्रति भी लेकर उपस्थित हों।
- अभ्यर्थियों की पात्रता एवं अपात्रता के संदर्भ में अंतिम निर्णय दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हि.वि. का होगा।
- अभ्यथियों को दस्तावेजों की जांच और छानबीन के लिए उपस्थित होने हेतु किसी भी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।

दस्तावेजों की जांच और छानबीन के लिए अभ्यर्थी नीचे दी गई समय सारणी के अनुसार **दूर शिक्षा निदेशालय, म.गां.अं.हि.वि. वर्धा उपस्थित हों।**

दिनांक	समय	अभ्यर्थियों की वरीयता सूची क्रमांक
20/09/2023	10.00-06.00	1-175
21/09/2023	10.00-06.00	175-350
22/09/2023	10.00-06.00	351-500

दस्तावेज़ो की जांच उपरांत अर्ह अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से तत्काल (उसी समय) कार्यक्रम (पाठ्यक्रम) शुल्क जमा कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। **निर्धारित तिथि और समय के पश्चात उपस्थित होने वाले तथा कार्यक्रम(पाठ्यक्रम) शुल्क न जमा करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पर विचार नहीं किया जाएगा।** अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी टोल फ्री नंबर 18002331575 या ईमेल ddeadmissionmgahv@gmail.com पर संपर्क कर सकते है।

Sd/-
(निदेशक)

प्रतिलिपि सूचनार्थ (ईमेल द्वारा):

1. कुलपति कार्यालय
2. कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक कार्यालय
3. पाठ्यक्रम संयोजक
4. संबंधित सभी
5. रक्षीत पत्रावली